हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, मंगलवार 22 जुलाई 2025

तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

4
खाद की मांग को लेकर किसानों ने सौंपा ज्ञापन





बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
7400009183

## खबर संक्षेप

### अघोषित बिजली कटौती को लेकर कांग्रेस का विरोध

**रायगढ़।** प्रदेश में भाजपा सरकार बनने के बाद से लगातार बिजली बिलों में बढ़ोतरी की जा रही हैं। उक्त मुद्दे पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा समुचे प्रदेश के बिजली ऑफिस का घेराव कर विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। इसी कड़ी में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर एवं जिला कांग्रेस कमेटी रायगढ़ व खरसिया विधायक उमेश पटेल के मार्गदर्शन में खरसिया ब्लाक कांग्रेस कमेटी शहर ग्रामीण द्वारा प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा बिजली बिलों में बढ़ोतरी को कम किये जाने एवं खरसिया क्षेत्र में हो रही अघोषित बिजली कटौती को तत्काल बंद किये जाने की मांग को लेकर छत्तीसगढ़ के महामहिम राज्यपाल के नाम से ज्ञापन सौंपा गया विदित हो कि आज मदनपुर कांग्रेस कार्यालय से खरसिया ब्लाक कांग्रेस कमेटी द्वारा शहर ग्रामीण द्वारा रैली निकालकर खरसिया बिजली आफिस पहुंचकर भाजपा सरकार मुर्दाबादए बिजली बिलों में बढ़ोतरी का निर्णय वापस लो, अघोषित बिजली कटौती बंद करो, उमेश पटेल ज़िंदाबाद के नारे लगाते हुए बिजली आफिस पहुंचकर विद्युत विभाग के कनिष्ठ यंत्री. नायक के माध्यम से छत्तीसगढ़ प्रदेश के महामहिम राज्यपाल के नाम से ज्ञापन दिया गया उक्त अवसर पर खरसिया युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओ ने झंडा लेकर नारे लगाते हुए माहौल बनाए रखा। उक्त कार्यक्रम में सैकड़ों की तादात में खरसिया के कांग्रेस जनों की उपस्थिति रही।

### कोटपा का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई



**सारंगढ़।** राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत कलेक्टर डॉ संजय कनोंजे के निर्देश और सीएमएचओ डॉ एफआर निराला के मार्गदर्शन में कोटपा अधिनियम 2003 के तहत कार्यवाही किया गया। इस कार्य में पुलिस अधीक्षक आंजनेय वार्ष्णेय के सहयोग से पुलिस बल का सहयोग किया गया। प्रवर्तन दल के द्वारा सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में संचालितपान ठेलो और शैक्षणिक संस्थानों के 100 गज के दायरे में छापा मारकर चालानी कार्यवाही किया गया। कोटपा अधिनियम 2003 के नियमों के उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों पर भी जुर्माना किया गया गया। तंबाकू उत्पाद से संबंधित विज्ञापनों को ग्रामों व शहरों से हटवाया गया। 18 वर्ष से कम आयु के व्यक्तियों के द्वारा क्रय.विक्रय सहित उपभोग करने पर सख्ती से कार्यवाही किया गया। इसी प्रकार थोक विक्रेताओं को नियम अनुसार विक्रय करने और किसी व्यक्ति या संस्था द्वारा कोटपा अधिनियम का उल्लंघन कर रहे उन पर भी कार्यवाही करने के निर्देश दिया जा रहा है। प्रवर्तन दल के द्वारा सारंगढ़ ब्लॉक में धारा 4ए धारा 6 ए और 6 बी के तहत कुल 28 चालानए चालान राशि रुपए 6100 ब्लॉक बरमकेला में कुल 9 चालान चालान राशि रुपए 1800 का चालान जमा करवाया गया। प्रवर्तन दल में डॉ. इन्दु सोनवानी जिला नोडल अधिकारी राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम, डॉ कीर्ति भगत, डॉ हितेश पैंकरा, सुरेश कुमार यादव, आरक्षक शकुंतला जायसवाल, दिनेश कुमार मिनकेतन पटेल उपस्थित थे।

## वित्त मंत्री ओपी चौधरी, हरिभूमि आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी हुए शामिल

# जयदयाल सिंघानिया कन्या शाला का लोकार्पण लैलूंगा को मिली पंजीयन कार्यालय की सौगात

शाला भवन की स्थापना सिंघानिया परिवार की भूमिका को करता है रेखांकित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

लैलूंगा सोमवार को एक ऐतिहासिक क्षण साक्षी बना, जब सेठ जयदयाल सिंघानिया कन्या प्राथमिक शाला के नवीन भवन का भव्य लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में हरिभूमि एवं आईएनएच मीडिया समूह के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी की गरिमामयी उपस्थिति रही।

लोकार्पण समारोह के दौरान वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने शाला भवन की स्थापना में सिंघानिया परिवार की भूमिका को रेखांकित करते हुए कहा, यह भवन केवल एक संरचना नहीं है, बल्कि समाज के प्रति सिंघानिया परिवार की सेवा भावना और शिक्षा के प्रति उनके योगदान का प्रतीक है। ओपी सिंघानिया सीए के परिवार ने वर्षों पूर्व इस स्कूल भवन की नींव रखी थी, जिसे अब नवीन स्वरूप में तैयार। किया गया है। इस मौके पर हरिभूमि आईएनएच के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने अपने उद्बोधन में कहा कि ग्रामीण अंचलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की नींव मजबूत करना ही समाज के समग्र विकास का मूल आधार है। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों, छात्र-छात्राओं, अभिभावकों और गणमान्य नागरिकों की भारी उपस्थिति रही। स्कूल भवन के नव निर्माण में 50 लाख रुपये की लागत आई है, जिससे छात्राओं के लिए अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त कक्षाएं, पुस्तकालय, शौचालय और पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है।





### छात्राओं को भी मिलेगा पढ़ाई का मौका

लोकार्पण समारोह के दौरान मंच पर जब हरिभूमि आईएनएच मीडिया समूह के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी माइक पर आए, तो माहौल भावनात्मक हो गया। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में शामिल होना उनके लिए एक विशेष और भावनात्मक क्षण है। उन्होंने स्कूल भवन के निर्माण में योगदान देने वाले फाउंडेशन के संचालक सदस्य ओपी सिंघानिया के बारे में कहा कि वे एक जमीन से जुड़े और गांव की भावना को जीने वाले व्यक्तित्व हैं। इसी दौरान उन्होंने मंच से वित्त मंत्री ओपी चौधरी से आग्रह किया कि सेठ जयदयाल सिंघानिया कन्या प्राथमिक शाला को उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में उन्नत किया जाए, ताकि गांव की बच्चियां 12वीं तक की शिक्षा अपने ही क्षेत्र में प्राप्त कर सकें। इस पर मंत्री चौधरी ने मंच से कहा जिसे बहुत जल्द पूरा किया जाएगा। मंत्री के इस आश्वासन पर सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा और मौजूद सभी लोग इस उम्मीद से भर गए कि जल्द ही गांव की छात्राओं को माध्यमिक शिक्षा की भी सुविधा मिलेगी।

### नया स्टेडियम बनाया जाएगा

सेठ जयदयाल सिंघानिया कन्या प्राथमिक शाला के लोकार्पण समारोह के अवसर पर लैलूंगा वासियों को वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने बड़ी सौगात दी। उन्होंने मंच से घोषणा करते हुए कहा कि जल्द ही लैलूंगा में पंजीयन कार्यालय खोला जाएगा, जिससे क्षेत्रवासियों को रजिस्ट्री जैसे जरूरी कार्यों के लिए अब दूर नहीं जाना पड़ेगा। इसके साथ ही उन्होंने दो अन्य महत्वपूर्ण विकास योजनाओं की भी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि लैलूंगा में आधुनिक सुविधाओं से युक्त एक नया इनडोर स्टेडियम बनाया जाएगा, जिससे स्थानीय युवाओं को खेल गतिविधियों के लिए बेहतर मंच मिलेगा। साथ ही बाईपास सड़क निर्माण की भी योजना बनाई गई है, जिससे नगर में यातायात का दबाव कम होगा और लोगों को आवागमन में सहूलियत मिलेगी।

## उपभोक्ता फोरम ने कंपनी को 15 हजार क्षतिपूर्ति देने का दिया आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

■ ऑनलाइन मोबाइल ऑर्डर करने पर अमेजन सेलर ने थमाया दूसरा मॉडल

अमेजन सेलर सर्विस से 48 हजार 441 रुपए के दो वनप्लस 10टी मोबाइल मंगवाने पर खरीदार को एक नग वनप्लस 10टी तथा एक नग वनप्लस के अन्य मॉडल की सप्लाई करके सेवा में कमी करने के मामले में जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने अमेजन सेलर को सेवा में कमी का दोषी ठहराते हुए 45 दिवस के भीतर क्रेता के पसंद का मोबाइल सौंपने अथवा उसकी रकम वापस करने का आदेश पारित किया है। निर्णय में आदेश का पालन न करने पर जुर्माने का भी प्रावधान रखा गया है।

दरअसल आवेदक दीपेश मिश्रा निवासी बस डिपो रामभांठा ने अमेजन सेलर सर्विस प्राइवेट लिमिटेड से 20 नवंबर 2022 को दो नग वनप्लस 10टी मोबाइल फोन 48 हजार 441 में ऑर्डर किया था। आवेदक को उक्त पार्सल 24 नवंबर 2022 को प्राप्त होने पर पार्सल के भीतर एक नग वनप्लस 10टी मोबाइल तथा दूसरा मोबाइल वनप्लस नार्ड जिसका मॉडल नंबर सीई2 लाइट 5जी प्राप्त हुआ, जिसे उसने नहीं मंगवाया था। आवेदक दीपेश मिश्रा द्वारा अनावेदक अमेजन सेलर सर्विस प्राइवेट लिमिटेड को सूचना दिए जाने पर उसे आश्वस्त किया गया कि दूसरा मोबाइल जल्द भिजवा दिया जाएगा। इसके बाद उसे घुमाया जाने लगा और सेवा में कमी की गई है। आवेदक दीपेश मिश्रा ने अमेजन सेलर सर्विस प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा किए गए छल के संबंध में 4 फरवरी 2023 को सिटी कोतवाली थाने में शिकायत करते हुए अपने अधिवक्ता के माध्यम से 16 फरवरी 2023 को कानूनी नोटिस प्रेषित किया। इस मामले में आयोग के अध्यक्ष छमेश्वर लाल पटेल, राजेन्द्र कुमार पाण्डेय व राजश्री अग्रवाल की ओर से दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद अमेजन सेलर सर्विस प्राइवेट लिमिटेड को सेवा में कमी का आंशिक दोषी मानते हुए कंपनी को 45 दिन के भीतर मानसिक आर्थिक क्षति के रूप में 10 हजार रुपये, वाद व्यय के रूप में 5 हजार रुपए देने का आदेश दिया है।

## कलेक्टर कन्नौजे ने जिला अस्पताल के वार्डों का किया औचक निरीक्षण



**सारंगढ़।** कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने सोमवार की सुबह जिला अस्पताल सारंगढ़ के विभिन्न वार्डों का आकस्मिक निरीक्षण किया, जिसमें ओपीडी, आईपीडी, पंजीयन, दवा वितरण, एक्सरे, डायलिसिस, लैब, टीकाकरण, ड्रेसिंग, डेंटल, पोषण पुनर्वास एनआरसी सहित महिला और पुरुष वार्ड आदि शामिल थे। कलेक्टर ने एक्सरे कक्ष में मशीनों के संबंध में रेडियोग्राफर एस क्षेत्र से जानकारी लिए। कलेक्टर ने टीकाकरण में आये गर्भवती महिला के परिजन को समझाया कि जब भी हॉस्पिटल आए यह टीकाकरण का रिकॉर्ड कॉपी जरूर लाएं। डॉ कन्नौजे ने नर्स को समय-समय पर सही टीकाकरण करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार स्क्रीनिंग कक्ष में उपस्थित स्वास्थ्य अधिकारी-कर्मचारी को कहा कि वे जिले के सभी क्षेत्रों का खासकर महानदी किनारे बसे गांव में टीबी, कुष्ठ, सिकलसेल आदि बीमारियों का स्वास्थ्य चेकअप सर्वे करें और चिन्हांकित मरीजों का समुचित इलाज करें।

कलेक्टर ने महिला और पुरुष वार्ड के मरीजों का हाल चाल जाना वहां इलाज ठीक प्रकार से हो रहा है कि नहीं इसकी जानकारी ली। सहसपुर से आए मरीज का हीमोग्लोबिन कम था, जिसका बेहतर इलाज करने के लिए कलेक्टर ने डॉक्टर को निर्देश दिए। सिविल सर्जन ने कलेक्टर को बताया कि लैब रूम में 58 प्रकार के टेस्ट किया जा रहा है। कलेक्टर डॉ कन्नौजे ने जिला अस्पताल में निशुल्क डायलिसिस सुविधा और 58 प्रकार के लैब टेस्ट के व्यापक प्रचार करने के निर्देश दिए। साथ ही मरीज को वार्ड में और बाहर में गर्मी से परेशानी नहीं हो इसके लिए कुलर लगाने के निर्देश दिए।

### जिला अस्पताल में इमरजेंसी वार्ड का शुभारंभ

स्वास्थ्य सुविधाओं का लगातार वृद्धि करते हुए कलेक्टर डॉ कन्नौजे ने जिला अस्पताल सारंगढ़ के इमरजेंसी वार्ड का उद्घाटन किया। इस वार्ड में अब एक्सीडेंटल और इमरजेंसी केस के लिए पृथक से ड्रेसिंग रूम बनाया गया है, जिसमें मरीजों को सुविधा होगी। इस कार्यक्रम में अब्बास अली, घनश्याम बंसल, अविनाश पुरी गोस्वामी, अपर कलेक्टर प्रकाश सर्वे, एसडीएम प्रखर चंद्राकर, बीएमओ डॉ रामलाल सिदार सहित अस्पताल के अन्य डॉक्टर नर्स आदि उपस्थित थे।

## अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझी चार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरसींवा



जमीन विवाद में मृतका के गोद लिए पुत्र ने ही अपने सहयोगियों के साथ मिलकर उसकी हत्या कर दी थी। सरसीवा पुलिस ने इस अधं कत्ल की गुत्थी को सुलझाते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वहीं उन्हें रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। दरअसल 15 जुलाई की रात मंझलीबाई पति स्व. साधराम खुंटे 80 वर्ष निवासी पण्ड्रीपाली रात्रि में खाना खाकर अपने कमरे में दरवाजा को बंद कर सोई थी। 16 जुलाई की सुबह लगभग 9 बजे तक कमरे से बाहर नही निकली तो गांव वालों ने दरवाजा खोला, तब उसकी लाश मिली।

इसके बाद घटना की सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया था। मर्ग हजांच व गवाहों के बयान में मंझलीबाई की मौत संदेहास्पद प्रतीत होने व पीएम रिपोर्ट के अवलोकन के बाद अज्ञात आरोपी के खिलाफ हत्या का अपराध दर्ज किया गया। इसके बाद संदेही भजनलाल कठौतिया, नोनीबाई कठौतिया, सावनदास मानिकपुरी व राजा कुर्रे निवासी पण्ड्रीपाली थाना सरसीवां को तलब कर पूछताछ करने पर पहले तो घटना कारित करने व घटना के बारे में जानने से इंकार किया गया, फिर कडाई से पूछताछ करने पर उन्होंने अपना जुर्म कबूल किया। आरोपी भजनलाल कठौतिया ने बताया मंझलीबाई आए दिन उसके नाम से थाना सरसीवां, एसपी कार्यालय एवं कलेक्टर सारंगढ में शिकायत करती रहती थी, जिससे वह और उसके परिवार के लोग काफी परेशान हो गये थेद। इसलिए उसने और उसकी पत्नी नोनीबाई ने मंझलीबाई को मारने का प्लान बनाकर गांव के राजा कुर्रे को 40 हजार रूपए में सुपारी दी। राजा कुर्रे अपने दोस्त सावनदास मानिकपुरी के साथ 15 जुलाई को रात्रि करीब 9 बजे आकर मंझलीबाई को गेरवा रस्सी से गला दबाकर हत्या कर दिया और ये सभी मिलकर राजा कुर्रे का सहयोग किए। घटना को आत्महत्या करार देने के लिए उसके गले में पहनी हुई रेश्मी धागा में बंधी चाबी को हाथ में पहनी चुडी से फंसा दिया एवं दरवाजा को अंदर से बंद कर खिडकी से भाग गए ताकि किसी को शक न हो। सुबह होने पर गांव वाले को मंझलीबाई की मृत्यु हो खबर भी इन्होंने ही दिया। पुलिस ने सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेज दिया है।

## बनसिया के मैदान में खुडखुड़िया खेलाते चार गिरफ्तार



**रायगढ़।** जूटमिल थाना क्षेत्र के ग्राम बनसिया स्थित खुले मैदान में खुडखुड़िया नामक जुआ खेलाते चार आरोपियों को पुलिस ने रंगे हाथ पकड़ा है। वहीं उनके कब्जे से जुआ सामग्री और नगदी जब्त कर उनके खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है। दरअसल पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम बनसिया स्थित प्राथमिक शाला के पास मैदान में कुछ लोग बांस की टोकरी, प्लास्टिक गोटियों और टॉर्च की रोशनी में रुपए पैसों का दांव लगाकर खुडखुड़िया जुआ खेला रहे हैं। सूचना पर पुलिस टीम ने घेराबंदी करते हुए मौके पर छापा मारा। वहां चार व्यक्ति सोनू महंत, राजीव सिदार, विमल दास महंत और पुरंजन दास महंत जुआ खेलाते हुए पकड़े गए। उनके पास से जुआ में लगी 1600 रुपए नकद राशि, प्लास्टिक की गोटियां, बांस की टोकरी और टॉर्च बैनर आदि सामग्री जब्त की गई। पकड़े गए चारों आरोपियों के खिलाफ जूटमिल थाना में छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धारा के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

## जन्माष्टमी महोत्सव को लेकर यादव समाज की बैठक

**रायगढ़।** रायगढ़ यादव समाज द्वारा आगामी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन रविवार को गौशाला रोड स्थित सामुदायिक भवन में किया गया। बैठक में समाज के वरिष्ठजन महिला सदस्य एवं युवा वर्ग की सक्रिय भागीदारी रही। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 16 अगस्त को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की पूजा.अर्चना की जाएगी और 17 अगस्त को दोपहर 2 बजे रामलीला मैदान से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा के उपरांत भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें शहरवासियों को प्रसाद वितरित किया जाएगा। कार्यक्रम की सफल व्यवस्था हेतु विभिन्न पदों पर जिम्मेदारियां सौंपी गईं। यादव समाज के द्वारा श्री कृष्णा जन्मोत्सव के लिए अध्यक्ष के रूप में आशीष यादव का चयन किया गया, वहीं संयोजक अमित यादव, कोषाध्यक्ष शिवा यादव, सचिव ज्योति यादव, उपाध्यक्ष हुकुमचंद यादव व छवि यादव बनाए गए।



युक्तियुक्तकरण के तहत शिक्षक के ट्रांसफर का कर रहे विरोध

## कोंहारडीपा प्राथमिक स्कूल में पालकों ने की तालाबंदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़




जिले के खरसिया क्षेत्र में स्थित ग्राम कोंहारडीपा के प्राथमिक स्कूल में सोमवार की सुबह 9 बजे से स्कूली बच्चों और अभिभावकों ने तालाबंदी कर आंदोलन शुरू कर दिया है। यह आंदोलन युक्तियुक्तकरण नीति के तहत शिक्षक दिनेश राठिया के स्थानांतरण के विरोध में किया जा रहा है।

ग्रामीणों और बच्चों की मांग है कि शिक्षक दिनेश राठिया को स्कूल में यथावत रखा जाए ताकि बच्चों की पढ़ाई पर कोई असर न पड़े। जानकारी के अनुसार कोंहारडीपा प्राथमिक स्कूल में पहले तीन शिक्षक कार्यरत थे। एक शिक्षक की नशे की आदत के कारण उसे हटाया गया, जिसके बाद स्कूल में दो शिक्षक बचे, लेकिन हाल ही में युक्तियुक्तकरण नीति के तहत शिक्षक दिनेश राठिया का स्थानांतरण कर दिया गया है। अब स्कूल में केवल एक शिक्षक बचे हैं, जिसके कारण बच्चों को पढ़ाई-लिखाई में भारी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। उनका कहना है कि एक शिक्षक के साथ स्कूल का संचालन मुश्किल होगा और इससे बच्चों का भविष्य खतरे में पड़ सकता है। अभिभावकों ने इस मुद्दे को लेकर रायगढ़ जिला कलेक्टर और संबंधित शिक्षा विभाग को आवेदन भी दिया था, लेकिन उनकी मांगों पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। नाराज अभिभावकों और बच्चों ने सोमवार को स्कूल में तालाबंदी कर आंदोलन शुरू किया और स्पष्ट किया कि जब तक उनकी मांगों पर संज्ञान नहीं लिया जाता, यह आंदोलन जारी रहेगा। स्थानीय लोगों का कहना है कि वो अपने बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं होने देंगे। शिक्षक दिनेश राठिया को स्कूल में बनाए रखने की मांग पूरी होनी चाहिए। इस तालाबंदी और आंदोलन से क्षेत्र में तनाव की स्थिति बनी हुई है और प्रशासन से इस मामले में त्वरित कार्रवाई की उम्मीद की जा रही है।

## कांग्रेसियों ने किया ईडी के खिलाफ सरसीवा में प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरसीवा

प्रवर्तन निदेशालय द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल की गिरफ्तारी के बाद छत्तीसगढ़ की राजनीति एक बार फिर गरमा गई है। कांग्रेस ने इस कारवाही को राजनीतिक प्रतिशोध करार देते हुए केंद्र सरकार और ईडी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है वही पार्टी से ऐलान किया है कि 19 जुलाई को पूरे प्रदेश में ईडी के खिलाफ प्रदर्शन और पुतला दहन किया जाएगा। प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज की ओर से इस संबंध में सभी जिलों को निर्देश भेजा है जिसमें सभी जिला मुख्यालय में पुतला दहन और विरोद्ध प्रदर्शन के निर्देश दिए गए हैं। आज के इस प्रदर्शन में जिला अध्यक्ष ताराचंद आंगन के नेतृत्व में पूर्व संसदीय सचिव चंद्रदेव राय, पूर्व विधायक प्रतिनिधि घनश्याम मनहर, डॉ परमानंद साहू, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष लव कुमार साहू के साथ.साथ 50 की संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता सरायपाली चौक में एकत्रित होकर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल के गिरफ्तारी के विरोध मे ईडी और केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए पुतला दहन किया गया। जिसे स्थानी पुलिस ने बुझाने की कोशिश की।

## खबर संक्षेप

### जनदर्शन में कलेक्टर ने लोगों से सुनी समस्याएं



**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने सोमवार को कलेक्टोरेट में आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम में आम नागरिकों से रूबरू होकर उनकी समस्याओं को जाना। उन्होंने जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का गंभीरतापूर्वक अवलोकन कर संबंधित विभागों के अधिकारियों को प्राथमिकता से निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने आवेदनों को समय पर निराकृत करने को भी कहा। जनदर्शन में कुल 45 आवेदन प्राप्त हुए। इसमें मुख्य रूप से राजस्व संबंधी मामले, शाला प्रवेश, भूमि विवाद, राशनकार्ड निर्माण सहित विभिन्न समस्याओं से संबंधित मामले एवं विभिन्न विषयों से संबंधित मांगें शामिल थीं।


### जनहानि के दो मामले में 8 लाख की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के दो मामले में प्रभावित परिजन को आरबीसी 6-4 के तहत 08 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृत दी है। सन्ना तहसील अंतर्गत ग्राम महुआ निवासी संध्या भगत का पुटोली नाला के पानी में डूबने से 25 सितम्बर 2024 को मृत्यु हो गई। मृतका के निकटतम वारिस उनके पिता जेण्डर राम एवं माता रजनी बाई हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार सन्ना तहसील के ही ग्राम रौनी निवासी स्व. रामवृक्ष का आकाशीय बिजली से 05 सितम्बर 2024 को मृत्यु हो गई। मृतक के निकटतम वारित उनके पत्नी सुमित्रा बाई हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### जिला अस्पताल में 3 ओपीडी काउंटर संचालित

**जशपुरनगर।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया, कि जिला अस्पताल में ओपीडी में मरीजों के लिए 2 पंजीयन काउण्टर तथा एमसीएच भवन में 1 सहित कुल 03 ओपीडी काउंटर संचालित है। ओपीडी में मरीजों का ब्लड प्रेशर जांच व वजन कराने हेतु ओपीडी कक्ष क्रमांक 09 के बाहार सुविधा उपलब्ध है तथा समस्त वार्ड और समस्त चिकित्सकों के पास भी ब्लड प्रेसर व वजन जांच की सुविधा उपलब्ध है।

### जिले में अब तक 5461.0 मिमी वर्षा



**जशपुरनगर।** जिले में 01 जून से अब तक 5461.0 मिमी वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 21 जुलाई तक की स्थिति में 3756.8 मिमी औसत वर्षा हुई है। बीते दिवस जिले में 54.2 मिमी वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से अब तक तहसील जशपुर में 583.1 मिमी, मनोरा में 699.7 मिमी, कुनकुरी में 765.8 मिमी, दुलदुला में 360.1 मिमी, फरसाबहार में 449.9 मिमी, बगीचा में 561.9 मिमी, कांसाबेल में 564.6 मिमी, पत्थलगांव में 455.9 मिमी, सन्ना में 647.9 मिमी एवं बागबहार में 400.1 मिमी वर्षा हो चुकी है। सर्वाधिक वर्षा कुनकुरी में दर्ज की गई है।

### एक सप्ताह से लापता ग्रामीण का कुएं में मिला शव

**सीतापुर।** ग्राम उलकिया स्थित एक कुएं में ग्रामीण का शव मिलने से सनसनी फैल गई है। ग्रामीण एक सप्ताह से लापता था और अब उसका सड़ा गला शव मिला है। बड़ी बात यह है कि ग्रामीण की लुंगी में पत्थर बंधा हुआ था। ऐसे में ग्रामीणों ने उसके हत्या की आशंका जाहिर की है। पुलिस द्वारा मामले में मर्ग कायम किया गया है और पीएम रिपोर्ट के बाद स्थिति स्पष्ट होने की बात कही जा रही है। बताया जा रहा है कि ग्राम उलकिया सिकटापारा निवासी 60 वर्षीय निरंजन किंडो आ. स्व. छन्दू किंडो विगत 12 जुलाई से अपने घर से गायब था। इस दौरान परिजन ने अपने रिश्तेदारों के अलावा उसे आसपास के गांव में उसकी खोजबीन की लेकिन कोई सुराग नहीं मिला।

# 100108 पार्थिव शिवलिंग पूजन आज, मैनी नदी तट से निकाली गई भव्य कलश यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

श्रावण मास के पावन अवसर पर फलेश्वरनाथ महादेव मंदिर बगिया में 100108 पार्थिव शिवलिंग पूजन कार्यक्रम शुभारंभ से पहले सोमवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इस ऐतिहासिक आयोजन की शुरुआत मैनी नदी तट से विधिवत पूजन एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ की गई, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु महिलाएं पारंपरिक परिधानों में कलश लेकर उपस्थित रहीं।

कलश यात्रा मंदिर परिसर तक पूरे भक्ति भाव जयकारों के बीच निकाली गई।इस कलश यात्रा में मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय की विशेष उपस्थिति में कलश स्थापना की गई।श्रीमती साय ने श्रद्धा भाव से कलश स्थापना कर प्रदेशवासियों के सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की। उन्होंने इस आयोजन को धार्मिक और सामाजिक चेतना को जाग्रत करने वाला बताया। फलेश्वर महादेव मंदिर बगिया में 22 जुलाई से 24 जुलाई तक तीन दिवसीय विशेष पूजन कार्यक्रम आयोजित की गई है। इस आयोजन के अंतर्गत 22 जुलाई से 24 जुलाई तक प्रतिदिन पार्थिव शिवलिंग निर्माण, प्राण-प्रतिष्ठा, पूजन, रुद्राभिषेक, आरती एवं विसर्जन किया जाएगा,कुल 100108 पार्थिव शिवलिंगों का निर्माण श्रद्धालुओं द्वारा किया जाएगा।पूजन में प्रख्यात आचार्यों एवं पुरोहितों के दिशा-निर्देशन में मंत्रोच्चार के साथ वैदिक अनुष्ठान संपन्न होंगे।श्रीमती साय ने इस पूजन कार्यक्रम में आमंत्रित करते हुए ग्रामवासियों एवं क्षेत्रीय श्रद्धालुओं एवं सामाजिक संगठनों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस पुण्य कार्य में भाग लें।



नदी का जल पूजन करतीं कौशल्या।



कलश यात्रा में शामिल श्रीमती साय।

## पुलिस को ऑपरेशन अंकुश के तहत मिली कामयाबी

# डकैती और हत्या के प्रयास का आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले की करडेगा चौकी क्षेत्र में वर्ष 2019 में हुई डकैती व हत्या के प्रयास के मामले में पिछले छह वर्षों से फरार चल रहे आरोपी उमेश यादव को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने यह कार्रवाई ऑपरेशन अंकुश के तहत की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, 27 सितंबर 2019 की रात ग्राम धुरीअंबा निवासी सोमारु राम अपने घर में सोया था। रात्रि करीब 11:30 बजे छह नकाबपोश बदमाशों ने घर में घुसकर रुपए की मांग करते हुए मारपीट शुरू कर दी। विरोध करने पर एक नकाबपोश ने चाकू से हमला कर सोमारु राम को गंभीर रूप से घायल कर दिया। हल्ला सुनकर ग्रामीणों ने एक नकाबपोश को मौके पर ही पकड़ लिया और तत्काल चौकी करडेगा पुलिस को सूचित किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने तत्काल घायल को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया और पकड़े गए आरोपी के खिलाफ धारा 307, 450, 398 व 34 भादंवि के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की।




पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### मुख्य आरोपी उमेश यादव था फरार

पुलिस पूछताछ में पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम मुन्ना राम निवासी बिहार बताया। उसने बताया कि वह उमेश यादव, शिव कुमार और अन्य तीन अज्ञात साथियों के साथ डकैती की नीयत से आया था। पुलिस ने मुन्ना राम और शिव कुमार को पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, परंतु मुख्य आरोपी उमेश यादव घटना के बाद से फरार चल रहा था।

### ससुराल में दबोचा गया

पुलिस को सूचना मिली थी कि उमेश यादव हैदराबाद में काम करता है। दो बार पुलिस टीम वहां भेजी गई, पर वह हर बार बच निकलता था। इस बीच तकनीकी टीम और मुखबिर तंत्र की मदद से पता चला कि आरोपी अपने ससुराल ग्राम कईकछार थाना जशपुर आया है। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने गांव में घेराबंदी कर उमेश यादव को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उसने अपना जुर्म स्वीकार कर लिया है। पुलिस ने आवश्यक कानूनी कार्रवाई पूरी कर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

### पुलिस टीम रही सक्रिय

इस कार्रवाई में पुलिस की तकनीकी टीम और करडेगा चौकी की अहम भूमिका रही। टीम में शामिल रहे निरीक्षक मोरध्वज देशमुख, उपनिरीक्षक नसीरुद्दीन अंसारी, प्रधान आरक्षक अनंत मिराज किस्पोट्टा, आरक्षक अनूप भगत व अनील सिंह, चौकी प्रभारी भागवत नायर, प्रधान आरक्षक भगतराम गोरे।

### ऑपरेशन अंकुश से अपराधियों की कमर टूटेगी

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह ने बताया कि जिले में पुराने गंभीर मामलों के फरार आरोपियों की धरपकड़ हेतु ऑपरेशन अंकुश चलाया जा रहा है। उमेश यादव की गिरफ्तारी इसी अभियान का हिस्सा है। अन्य फरार आरोपियों की भी तलाश जारी है।

# गांजा तस्करी करते तीन गिरफ्तार शराब के साथ एक पकड़ाया



**जशपुरनगर।** जिले में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन आघात के तहत पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। थाना तुमला क्षेत्र में पुलिस ने एक ही दिन में दो अलग-अलग मामलों में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें से तीन गांजा तस्करी करते पकड़े गए, जबकि एक आरोपी के पास से भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की गई है।

### तीन गांजा तस्कर चढ़े पुलिस के हत्थे

थाना तुमला पुलिस को 19 जुलाई को मुखबिर से सूचना मिली कि तीन युवक एक सफेद रंग की टीव्हीसी अपाचे बाइक (क्रमांक ओडी-15 जेड-8184) में गांजा लेकर सरईटोली की ओर जा रहे हैं। सूचना पर पुलिस ने तत्काल सरईटोली मोड़ के पास घेराबंदी की। कुछ देर बाद संदिग्ध वाहन आता दिखाई दिया, जिसे पुलिस ने रोककर तलाशी ली। वाहन में सवार तीनों व्यक्तियों के पास से दो थैलों में रखा हुआ कुल 5 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। इस पर पुलिस ने तीनों को मौके पर ही हिरासत में ले लिया। पुलिस ने आरोपी कुनाल सेठ, उम्र 28 वर्ष, निवासी ग्राम गोयलो, थाना तलसरा, जिला सुंदरगढ़ (उड़ीसा), ईशांत नायक, उम्र 18 वर्ष, निवासी तलसरा, जिला सुंदरगढ़ (उड़ीसा), नीलम लकड़ा, उम्र 36 वर्ष, निवासी ग्राम मेंडेर, जिला जशपुर (छ.ग.) को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में तीनों आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे गांजा उड़ीसा से लाकर बिक्री हेतु सरईटोली ले जा रहे थे।

# पहाड़ी कोरवा अंजलि, अंशिका, रितेश के लिए चिरायु योजना बनी वरदान

**जशपुरनगर।** चिरायु योजना बच्चों के लिए वरदान बन गई है। खासकर ऐसे परिवार जिनकी आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है, जो दूसरे शहरों में जाकर किसी निजी अस्पताल में इलाज नहीं करा सकते। आदिवासी बाहुल्य जशपुर जहां विशेष पिछड़ी जनजाति भी निवास करती है। यह योजना गरीब और जरूरतमंदों के लिए सहारा बन रही है। दिल की बीमारी से जूझ रही पहाड़ी कोरवा अंजलि बाई, अंशिका, रितेश या इनके जैसे कई ऐसे बच्चे हैं जो दिल या किसी अन्य बीमारी से जूझ रहे थे। चिरायु योजना ने उन्हें नवजीवन देने का काम किया है। मनोरा विकासखण्ड के जंगलों के बीच बसे एक छोटे से ग्राम सोनक्यारी में विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा परिवार में जन्मी अंजली बाई। जिनका दिल की बीमारी का इलाज चिरायु योजना से किया गया है। छोटे छोटे काम कर घर का गुजारा चलाने वाले पिता नान्हू राम को जब पता चला की अंजली के दिल में छेद है तो उन्हें समझ ही नहीं आ रहा था वह क्या करे। प्रारंभिक जांच मनोरा के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में होने के बाद चिरायु टीम के द्वारा उनका जांच किया गया। जिसमें पता चला कि अंजली के दिल में छेद है। अंजलि का रायपुर के एक बड़े निजी संस्थान में ले जाकर का उपचार किया गया। जहां सफल ऑपरेशन के बाद अंजली ठीक हो गयी। इसी तहत जिले में कई गरीब परिवारों के बच्चे हैं जिनका सफल इलाज इस योजना के माध्यम से हुआ है। जिला मुख्यालय के पुरानीटोली निवासी सुदर्शन चौहान के पुत्र रितेश का निजी अस्पताल में जांच के बाद पता चला कि उसके दिल में छेद है। निजी अस्पताल में इलाज कराना मजदूरी करके अपने परिवार का जीवन-यापन करने वाले उनके पिता के लिए काफी मुश्किल था। फिर वे अपने बच्चे को जिला अस्पताल ले गए। जहां अस्पताल में डॉक्टरों के द्वारा चिरायु योजना की जानकारी दी गई और बेहतर इलाज के लिए रायपुर भेजा गया, जहां ऑपरेशन और बेहतर इलाज के बाद आज बच्चा स्वस्थ है। इसी तरह विकासखण्ड कुनकुरी के ग्राम बेहराटोली के निवासी कृतिबाई और धनेश्वर यादव की पुत्री अंशिका की दिल की गंभीर बीमारी का प्रारंभिक इलाज रायपुर के मेडिकल कॉलेज, सत्यसाईं चिकित्सा संस्थान एवं भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान में कराने के बाद चेन्नई स्थित अपोलो अस्पताल में अंशिका का दिल का ऑपरेशन किया गया। जिसमें कुल 14.50 लाख रुपयों का खर्च आया, जिसका वहन चिरायु योजना के अंतर्गत शासन द्वारा किया गया। इसी प्रकार चिरायु अंतर्गत अपोलो चिल्ड्रन हॉस्पिटल चेन्नई में जन्मजात हृदय रोग से ग्रसित 2 वर्षीय अन्वी बाई, 9 वर्षीय अनंत नायक, 9 वर्षीय कुमार नायक का सफल ईलाज किया गया। इस योजना से जिला मुख्यालय स्थित चीरबगीचा निवासी नोवेल भगत, बीटीआई पारा के गर्वित सिंह का भी रायपुर के निजी अस्पताल में जन्मजात होंठ व तालू के विकृति का निःशुल्क सफल इलाज किया गया है।



■ बच्चों के दिल में था छेद निजी अस्पतालों में किया गया इलाज

# आर्थिक रूप से जरूरतमंद परिवारों को मिला भोजन का अधिकार

**जशपुनगर।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राज्य के गरीब और जरूरतमंद लोगों को भोजन और आवास की सुविधा उपलब्ध काई जा रही है। खाद्य एवं पोषण सुरक्षा के तहत गरीब और जरूरतमंद व्यक्तियों के साथ सभी परिवारों को भोजन का अधिकार सुनिश्चित करने तथा पात्रता अनुसार राशन सामग्री उपलब्ध कराने हेतु छत्तीसगढ़ खाद्य एवं पोषण सुरक्षा अधिनियम लागू किया गया। जिसके अतंर्गत जशपुर जिले में 61,472 अन्त्योदय परिवारों को प्रतिमाह 35 किलो चावल उपलब्ध कराया जा रहा है।

इसी प्रकार 1,83,521 प्राथमिकता राशन कार्ड धारियों को 1 से 2 सदस्यों के लिए 10 किलो प्रति सदस्य के मान से प्रतिमाह एवं 3 से 5 सदस्य वाले परिवार को 35 किलो एवं 5 से अधिक सदस्य वाले परिवारों को 7 किलो चावल प्रति सदस्य प्रतिमाह प्रदाय किया जा रहा है। 670 एकल निराश्रित एवं 217 निःशक्तजन राशनकार्ड पर 10 किलो चावल प्रतिमाह निःशुल्क प्रदाय किया जा रहा है। राज्य शासन के निर्णय अनुसार जनवरी 2024 से दिसम्बर 2028 तक समस्त अन्त्योदय तथा प्राथमिकता कार्डधारियों हेतु चावल की उपभोक्ता दर निःशुल्क होगी। जिले में कुल 2 लाख 63 हजार 195 राशनकार्ड प्रचलित है जिनको खाद्यान्न उपलब्ध कराया जा रहा है। इनमें 17 हजार 315 एपीएल कार्ड भी शामिल हैं। सार्वभौम पीडीएस के अंतर्गत जिले में 17,315 सामान्य परिवारों (आयकरदाता एवं गैर आयकरदाता) को भी खाद्यान्न प्रदाय किया जा रहा है। सामान्य राशनकार्डों में खाद्यान्न की पात्रता 1 सदस्यीय परिवार के लिए 10 किलो, 2 सदस्यीय परिवार के लिए 20 किलो, 3 या 03 से अधिक सदस्यीय परिवार के लिए 35 किलो खाद्यान्न प्रतिमाह जिसकी उपभोक्ता दर 10 रूपये प्रतिकिलो निर्धारित की गई है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत जिले में कुल 494 उचित मूल्य की दुकानें संचालित है। जिसके माध्यम से हितग्राही लाभान्वित किया जा रहा है। इनमें सहकारी समिति द्वारा 08, महिला स्व सहायता समूह द्वारा 54, ग्राम पंचायत द्वारा 423, नगरीय निकाय द्वारा 09 उचित मूल्य की दुकाने संचालित है।




■ जिले में 2 लाख 63 हजार से अधिक राशनकार्डधारी हितग्राहियों को दिया जा रहा खाद्यान्न

### रोजगार मेला व प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 29 को

**जशपुरनगर।** रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र द्वारा 29 जुलाई 2025 को 92 पदों हेतु प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा हैं। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि प्लेसमेंट कैंप में आकाश आटो मोबाईलस जशपुर में 12, स्वतंत्र माइक्रोफिन प्रा.लि.में 60 और एसबी.आई.इंशोरेस में 20 पदों पर भर्ती हेतु रिक्तियां प्राप्त हुई है। जिसके अंतर्गत आकाश आटो मोबाईलस जशपुर में सेल्स मैनेजर के 01, सेल्स मेन के 02, वर्कशॉप मैनेजर के 01, वर्कशॉप सुपरवाईजर के 02, फील्ड वर्कर के 02 मैकेनिक के 03 एवं एकाउन्टेन्ट के 01 पद शामिल हैं। इसी प्रकार स्वतंत्र माइक्रोफिन प्रा.लि.में फील्ड ऑफिसर के 10, कलेक्शन ऑफिर के 20 पद तथा एसबी.आई.इंशोरेस में लाईफ मित्र और एडवाइजर के 10-10 पद शामिल हैं। इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित तिथि 29 जुलाई 2025 को सुबह 11.00 बजे समस्त मूल प्रमाण-पत्र के साथ जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र जशपुर में उपस्थित होकर प्लेसमेंट कैम्प में भाग ले सकते है।

# बीमार बच्चे को लेकर पहुंचे अस्पताल चिकित्सक ने धक्के देकर निकाल बाहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ डांड़गांव

जिले में स्वास्थ्य सुविधाएं सुधरने का नाम नहीं ले रहीं है। आलम यह है कि अब चिकित्सक मरीज और उसके परिजन को धक्के मारकर अस्पताल से बाहर निकाल रहे है। एसा ही एक मामला विकासखंड में सामने आया है जहां सीएचसी में देर शाम तेज बुखार के साथ आए बच्चे का उपचार करने से चिकित्सक ने मना कर दिया। इतना ही नहीं जब परिजन ने हंगामा किया तो चिकित्सक और उसके साथियों ने मिलकर परिजन समेत बच्चे को धक्का देकर बाहर कर दिया गया। अब इस मामले की शिकायत ग्रामीण ने पुलिस से करते हुए मामले में कार्रवाई की मांग की है।

बताया जा रहा है कि विकासखंड के ग्राम जजगी निवासी आशीष दास अपने 6 वर्षीय पुत्र अविनाश कुमार को तेज बुखार की शिकायत पर जांच कराने के लिए 19 जुलाई की शाम 7 बजे सीएचसी उदयपुर आया हुआ था। युवक का कहना है कि अस्पताल में पदस्थ नर्सिंग स्टाफ ने जब उसने चिकित्सक के बारे में जानकारी ली तो स्टाफ ने बताया कि डॉ. आसाराम जयंत की ड्यूटी है लेकिन फिलहाल वे घर में है। ऐसे में परिजन चिकित्सक का इंतजार करते रहे लेकिन जब चिकित्सक ड्यूटी पर नहीं आया तो परिजन ने सीधे चिकित्सक को ही फोन लगा लिया और उनके अस्पताल आने का समय पूछ लिया। आरोप है कि इसी बात से चिकित्सक भड़क उठे और उन्होंने फोन पर ही उन्हें धमकी दे दी कि मै तुम्हारा नौकर नहीं हूं कि जब चाहों अस्पताल आओ। तुम्हारा उपचार नहीं होगा कहकर फोन काट दिया गया। 2 घंटे तक अस्पताल में इतंजार करने के बाद चिकित्सक की फटकार से मरीज के परिजन का आक्रोश भड़क उठा और उन्होंने अस्पताल में हंगामा शुरू कर दिया। हंगामा बढ़ने पर डॉ. जयंत एक अन्य युवक के साथ अस्पताल आए और युवक के साथ ही उसके परिजन दुर्गा दास, पूनम बाई व कौशल्या दास समेत अन्य को धक्का देकर बाहर निकाल दिया और बोला गया कि तुम लोग रात के समय उपचार करने आते हो। इसके साथ ही उनके साथ गाली गलौज की गई। इस दौरान आशीष दास अपने 6 वर्षीय बच्चे के साथ गिर पड़े। चिकित्सक की इस लापरवाही और दुर्व्यवहार से परिजन ने अस्पताल में जमकर हंगामा किया। जिसकी जानकारी मिलने के बाद भाजपा-कांग्रेस समेत अन्य लोग मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली। समझाइश के बाद चिकित्सक ने एक इंजेक्शन लगाकर बच्चे को भेज दिया। ऐसे में बच्चे को जिला अस्पताल अंबिकापुर में भर्ती कराया गया है जबकि की शिकायत पुलिस से की गई है।

## आपसी सहमति से चुनाव निर्विरोध संपन्न

# जिले के पहले सरपंच संघ चुनाव में लखूराम बने अध्यक्ष

बगीचा। जनपद पंचायत बगीचा अंतर्गत सरपंच एवं उपसरपंच संघ का चुनाव सोमवार को स्थानीय दुर्गा मंदिर प्रांगण में हर्षोल्लास एवं सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गायत्री नागेश एवं उपाध्यक्ष अरविंद गुप्ता की उपस्थिति में जनपद क्षेत्र के समस्त सरपंच एवं उपसरपंचगण शामिल हुए।

चुनाव प्रक्रिया आपसी सहमति से निर्विरोध सम्पन्न हुई, जिसमें सर्वसम्मति से सरपंच संघ के अध्यक्ष पद पर लखु राम नागेश (कुरोंग) और उपसरपंच संघ के अध्यक्ष पद पर अनिल जायसवाल (रौनी) को चुना गया। ब्लॉक स्तरीय सरपंच संघ, बगीचा की घोषित कार्यकारिणी इस प्रकार है। अध्यक्ष लखु राम नागेश (कुरोंग), उपाध्यक्ष अरविंद कुजूर (सन्ना), हीरालाल प्रधान (गायलुंगा), सचिव मुकेश कुजूर (भीतघरा), मंत्री श्रीमती सुमित्रा भगत (कवई), श्रीमती प्रमिता भगत (भंवर), कोषाध्यक्ष — युगल किशोर पैंकरा (जुरगुम), इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य गेंद बिहारी सिंह सहित बड़ी संख्या में सरपंच एवं उपसरपंच उपस्थित रहे। उपसरपंच संघ, जनपद पंचायत बगीचा की कार्यकारिणी संरक्षक जुगनू यादव, नसरूल्लाह सिद्दीकी, सुरेश जैन, अध्यक्ष अनिल जायसवाल (रौनी), उपाध्यक्ष महेश यादव (करमा), रामनारायण यादव (कोपा), सचिव शिवनारायण यादव (भितघरा), सह-सचिव जगेश्वर यादव (घोघर), कोषाध्यक्ष बालरूप यादव (महनई), मीडिया प्रभारी शिव यादव (गायलुंगा), सह-मीडिया प्रभारी दिलीप चंद यादव (पंडरापाठ), कार्यकारिणी सदस्य हुलासचंद्र ग्वाला, नरेन्द्र यादव (मुढ़ी), श्रीमती सोनावती यादव, रोहित गुप्ता, जगेश्वर यादव (घोघर), प्रेमसागर यादव (डोभ), राकेश शर्मा (बिमड़ा), राजकुमार शर्मा (बुटूंगा), मुनेश्वर यादव (कामारिमा), रामेश्वर दास (कोदोपारा)। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनपद उपाध्यक्ष अरविंद गुप्ता ने कहा कि सरपंच-उपसरपंच संघ के गठन से पंचायत प्रतिनिधियों को उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों की सही जानकारी मिलेगी, जिससे पंचायतें और अधिक सशक्त होंगी। उन्होंने कहा कि यदि जनप्रतिनिधि जागरूक होकर कार्य करें तो पंचायतों में दलाली प्रथा और बिचौलियों की भूमिका स्वतः समाप्त हो जाएगी और शासन की योजनाओं का लाभ गांव के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचेगा। जनपद अध्यक्ष गायत्री नागेश ने सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं और पंचायत विकास में उनकी सक्रिय भूमिका की अपेक्षा जताई।




चुनाव के बाद फोटो सेसन में उपस्थित सरपंच संघ के पदाधिकारी।

21 JULY- JASH-CORIYA-RGH-JANJ- Bhoomi pg-3_Layout 1 7/21/2025 8:11 PM Page 1






# हमारे राम में रावण बने आशुतोष राणा

**मुंबई।** आशुतोष राणा बॉलीवुड में कई किरदार निभाने के लिए मशहूर रहे हैं। फिल्मों में उन्होंने सबसे ज्यादा नेगेटिव गिरदार निभाए हैं। अनुभवी अभिनेता इन दिनों नाटक 'हमारे राम' में रावण की भूमिका निभाकर मंच पर सबका दिल जीत रहे हैं। अपने अनुभव के बारे में बताते हुए, राणा ने बताया कि यह नाटक मनोरंजन से कहीं ज्यादा है। उन्होंने नाटक 'हमारे राम' में रावण की भूमिका और उसके महत्व के बारे में बात की है। आशुतोष राणा ने कहा 'अगर हम अपनी जिंदगी में भगवान राम की इस कहानी को अपनाते हैं, तो जिंदगी की सारी परेशानियां दूर हो जाती हैं।

लाइफ Style



# उर्फी
## पैपराजी से चेहरा छिपाती आईं नजर

उर्फी जावेद का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वह पैपराजी के सामने से भागती नजर आ रही हैं। वह पोज देने से भी बचती दिख रही हैं। उर्फी का कहना था कि उनके होंठ काफी सूज गए हैं। इसकी वजह वह पैपराजी को नहीं बताती हैं। लेकिन ,अपने इंस्टाग्राम पर इस प्रॉब्लम को डिस्कस करती हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

वायरल वीडियो से इतर उर्फी जावेद ने इंस्टाग्राम स्टोरी में एक पोस्ट साझा की है। जिसमें वह लिखती हैं, '18 साल की उम्र से मैं लिप फिलर ट्रीटमेंट ले रही हूं। हाल ही में मैंने इन्हें रिमूव करवाया है।'उर्फी कुछ दिन बिना लिप फिलर के ही नजर आएंगी। जल्द ही दोबारा इस ट्रीटमेंट को ले सकती हैं। इसी कारण से उनके होंठ सूज गए हैं। कई बार एलर्जी के कारण भी उर्फी के साथ ऐसा होता है। उर्फी अक्सर ही एलर्जी का शिकार भी होती हैं, जिससे उनके चेहरे पर सूजन आ जाती है। इस इंफ्लुएंसर ने बताया है कि वह इस दिक्कत का ट्रीटमेंट भी ले रही हैं। मगर जब-तब उनको यह समस्या आ जाती है।

हाल ही में उर्फी जावेद ने रियलिटी शो 'द ट्रेटर्स'जीता है। इस शो को जीतने के कारण वह चर्चा में आईं। सोशल मीडिया पर उर्फी की खूब ट्रोलिंग भी हुई। साथ ही उन्हें कई यूजर्स ने भला-बुरा भी कहा, गालियां तक दी हैं। इस बात को उर्फी ने खुलकर सोशल मीडिया पर साझा किया था। कुछ समय पहले उर्फी की लाइफ को लेकर एक रियालिटी शो 'फॉलो कर लो यार'आया था। इसमें उन्होंने अपनी जिंदगी को दिखाया था। साथ ही अपनी लाइफ, स्ट्रगल से जुड़ी कई बातें भी साझा की थी।

हॉलीवुड मसाला



# जोश ने ब्रायना से की शादी

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड अभिनेता जोश लुकास, जो 'येलोस्टोन' और 'स्वीट होम अलबामा' फिल्मों के लिए मशहूर हैं। उन्होंने हाल ही में टीवी मौसम विज्ञानी ब्रायना रफैलो से वेटिकन सिटी में शादी कर ली। यह निजी समारोह उनके करीबी परिवार और दोस्तों की मौजूदगी में हुआ। दोनों 2022 से एक-दूसरे के साथ थे। 34 साल की ब्रायना ने इंस्टाग्राम पर शादी की खूबसूरत तस्वीरें शेयर कीं। उन्होंने लिखा, श्रीमान और श्रीमती। कैथोलिक चर्च और वेटिकन सिटी में यह पवित्र संस्कार करके हम बहुत खुश और धन्य हैं।



# लाइव परफॉर्मेंस के दौरान गिरते-गिरते बचीं

लॉस एंजिल्स। अमेरिकी पॉप सिंगर कैटी पेरी का हालिया परफॉर्मेंस उनके लिए किसी डरावने अनुभव से कम नहीं रहा। कॉन्सर्ट के दौरान वो लगभग परफॉर्म करते-करते गिरने वाली थीं, गनीमत रही कि उन्होंने खुद को संभाल लिया और बड़ा हादसा होने से टल गया। सैन फ्रांसिस्को में चल रहे 'लाइफटाइम्स टूर'के दौरान सिंगर एक विशाल तितली के आकार वाले प्रॉप पर बैठकर अपनी हिट सॉन्ग रॉर परफॉर्म कर रही थीं, तभी अचानक उसी प्रॉप में तकनीकी खराबी हो गई। प्रॉप हवा में झूल रहा था, तभी वो अपना बैलेंस खो बैठा और कैटी लगभग नीचे गिरने वाली थीं। लेकिन, कैटी ने अपने आप को शांत रखते हुए अपना गाना नहीं छोड़ा। सिंगर के इसी प्रोफेशनलिज्म की फैंस तारीफ कर रहे हैं। इस पूरे घटनाक्रम का वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।



# रावण के नजरिए से बनेगी रामायण

**मुंबई।** फिल्म निर्माता नितेश तिवारी ने अपनी फिल्म 'रामायण' का ऐलान कर दिया है। यह फिल्म दो भागों में रिलीज होने वाली है। इस पर अभी काम चल रहा है। अभिनेता विष्णु मांचू ने भी हाल ही में खुलासा किया है कि उनके पास भी एक स्क्रिप्ट तैयार है। लेकिन, रामायण का उनका संस्करण रावण के जीवन पर केंद्रित है। नयनदीप रक्षित के साथ बातचीत में विष्णु मांचू से पूछा गया कि वह कहानी के हिसाब से किसे कास्ट करेंगे। इस पर उन्होंने कहा 'भगवान राम की भूमिका के लिए मेरे दिमाग में सबसे पहले अभिनेता सूर्या का नाम आता है।' सीता की भूमिका के लिए, उन्होंने आलिया भट्ट को चुना। उन्होंने खुलासा किया 'मेरे पास रावण के बारे में एक स्क्रिप्ट पहले से ही है। इसमें उनके जन्म से लेकर मृत्यु तक की कहानी है।



# वीकएंड पर आई सैयारा की आंधी

**मुंबई।** शुक्रवार को सिनेमाघरों में कई फिल्में रिलीज हुईं। इनमें से कुछ ने बॉक्स ऑफिस पर बहुत अच्छा प्रदर्शन किया तो कुछ फिल्मों का प्रदर्शन फीका रहा। अहान पांडे की फिल्म 'सैयारा' ने बॉक्स ऑफिस पर कई रिकॉर्ड तोड़ दिए। अहान पांडे की डेब्यू फिल्म 'सैयारा' ने पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर कई रिकॉर्ड तोड़े हैं। दूसरे दिन फिल्म को वीकएंड का फायदा मिला है। फिल्म ने दूसरे दिन भी अच्छी कमाई की है। मोहित सूरी के निर्देशन में बनी फिल्म सैयारा ने पहले दिन 21 करोड़ रुपए का कारोबार किया। दूसरे दिन यानी शनिवार को फिल्म ने 24 करोड़ रुपए का कारोबार किया है। इस तरह से फिल्म ने अब तक 45 करोड़ रुपए का कारोबार किया है। 18 जुलाई को रिलीज हुई इस फिल्म में अनीता पड्डा भी अहम किरदार में हैं।

टीवी मसाला



# तारक मेहता का उल्टा चश्मा से पहले ये कॉमेडी सीरियल भी हुए खूब फेमस

नई दिल्ली। कई साल से कॉमेडी सीरियल 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है। इस शो की अच्छी-खासी फैन फॉलोइंग है। लेकिन, यह अकेला कॉमेडी शो नहीं है जो चर्चा में है। 90's में कई कॉमेडी सीरियल टेलीकास्ट हुए जिनकी चर्चा आज तक होती है। आज सास-बहू के नाम पर टीवी सीरियल में ड्रामा, साजिश दिखाई जाती है। लेकिन 1996 के सीरियल 'तू तू मैं मैं' में सास-बहू की नोक-झोंक को कॉमेडी के अंदाज में दिखाया जाता है। साथ ही सास-बहू के बीच की प्यारी बॉन्डिंग भी इस सीरियल में नजर आती थी। 'तू तू मैं मैं' में सास के रोल में रीमा लागू और बहू के रोल में सुप्रिया पिलगांवकर थीं। साल 1989 में टेलीकास्ट हुए सटायर कॉमेडी सीरियल 'फ्लॉप शो' में कॉमेडियन जसपाल भट्टी ने दर्शकों को खूब हंसाया। वह सीरियल में एक तरफ हंसी का तड़का लगाते थे, वहीं सिस्टम, सोसायटी और पॉलिटिक्स पर सटायर भी करते थे। इस शो में उनका साथ पत्नी सवित भी देती थीं। आर. माधवन आज बॉलीवुड और साउथ के चर्चित एक्टर हैं लेकिन उनकी शुरुआत टीवी से हुई। माधवन ने कॉमेडी सीरियल 'घर जमाई(1997)' में दर्शकों को खूब हंसाया। इस सीरियल में एक पंजाबी ससुर और दक्षिण भारतीय दामाद के रिश्ते की कहानी दिखाई जाती थी। माधवन के किरदार सुब्बू की पत्नी के रोल में मंदिरा बेदी नजर आई थीं।

## तुलसी ने याद दिलाया मां-पत्नी-बहू का फर्ज

**नई दिल्ली।** क्योंकि सास भी कभी बहू थी टीवी की वो शो है, जो सालों पहले बंद हो गया, लेकिन उसकी कहानी और किरदारों की चर्चा आज भी खूब होती है। टीवी क्वीन एकता कपूर के इस शो लोगों ने खूब प्यार दिया था। लोगों को प्यार को देख एकता एक बार फिर से 'शांति निकेतन की यादों को ताजा करने के लिए 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' ला रही हैं। शो का पहला प्रोमो सामने आने के बाद फैंस शो के लिए एक्साइटेड थे। अब मेकर्स ने दूसरे प्रोमो के साथ एक्साइटमेंट लेवल को और हाई कर दिया है। क्योंकि, उन्होंने शो की रिलीज डेट के साथ टाइमिंग का भी ऐलान कर दिया है। शो में एक बार फिर स्मृति ईरानी नजर आने वाली हैं।



स्टार प्लस ने इंस्टाग्राम अकाउंट से शो का टीजर रिलीज किया है। इसमें स्मृति ईरानी की झलक है। उनकी एंट्री के साथ बैकग्राउंड से आवाज आती है, 'कभी-कभी सोचती हू, अपने वो नहीं जो तस्वीरों में साथ खड़े होते हैं। अपने वो हैं जो तकलीफों में साथ खड़े होते हैं। लगता है जैसे कल की ही बात हो जब मैं शांति निकेतन आई थी, जहां एक छत के नीचे रहकर भी दिलों में फासले थे. कभी बच्चे राह से भटके, कभी बहू-बेटियों में फर्क किया गया, पर एक मां-पत्नी और बहू का फर्ज कहता है उसूलों के साथ प्यार हो तो परिवार जुड़ा रहता है।

# छह महीनों में 17 फिल्मों ने किया 100 करोड़ का आंकड़ा पार

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड से लेकर साउथ की कई फिल्में 2025 में रिलीज हो चुकी हैं। जबकि साल के सेकंड हाफ यानी जुलाई से दिसंबर में अभी कई बड़ी फिल्में रिलीज होनी बाकी हैं। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि पिछले 6 महीनों में कौनसी फिल्में हैं, जिन्होंने 100 करोड़ का आंकड़ा बॉक्स ऑफिस पर पार किया है। वहीं इनमें बॉलीवुड की कितनी हैं? साउथ से कितनी हैं और हॉलीवुड से कितनी हैं? दरअसल एक रिपोर्ट के मुताबिक, 2025 के पहले छह महीनों में भारतीय बॉक्स ऑफिस पर 17 फिल्मों ने 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार किया है। इसमें आठ बॉलीवुड की फिल्में हैं, जबकि हॉलीवुड की एक और साउथ की नौ फिल्में शामिल हैं। रिपोर्ट के मुताबिक लिस्ट में पहले नंबर पर छावा है, जिसने 693 करोड़ की कमाई भारत में की है। वहीं, अन्य बॉलीवुड फिल्मों की बात करें तो सितारे जमीन पर ने 201 करोड़, हाउसफुल 5 ने 200 करोड़, रेड 2 ने 199 करोड़, स्काई फोर्स ने 130 करोड़, सिकंदर ने 121 करोड़, केसरी चैप्टर 2 ने 109 करोड़ और जाट ने 103 करोड़ की कमाई की है। साउथ की फिल्मों को देखें तो लिस्ट में दूसरे नंबर पर सांक्रितिकी वास्तुनम है, जिसने 222 करोड़ की कमाई की थी। इसके बाद गुड बैड अग्ली ने 183 करोड़, गेम चेंजर ने 153 करोड़, थुडरुम ने 144 करोड़, एल2ई एम्पुरान ने 126 करोड़, ड्रैगन ने 122 करोड़, डाकू महाराज ने 109 करोड़, कुबेरा ने 106 करोड़ की कमाई हासिल की है। हॉलीवुड फिल्मों की बात करें तो मिशन इम्पॉसिबल द फाइनल रेकनिंग ने 121 करोड़ की कमाई भारत में हासिल की है। जबकि जुरासिक वर्ल्ड रीबर्थ 100 करोड़ का आंकड़ा पार कर चुकी है। वही, सुपरमैन भी बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई कर रही है।



# नसीरुद्दीन शाह की रोमांटिक फिल्में इन किरदारों से जीता दर्शकों का दिल

**नई दिल्ली।** नसीरुद्दीन शाह हिंदी सिनेमा के उन दिग्गज अभिनेताओं में से एक हैं, जिन्होंने हर तरह के किरदार को अपनी शानदार अदाकारी से जीवंत किया है। चाहे कैसा भी किरदार क्यों न हो नसीरुद्दीन शाह का अभिनय उस किरदार में जान फूंक देता है। गंभीर रोल हो, खलनायक की भूमिका हो या फिर रोमांटिक किरदार, नसीरुद्दीन ने हर बार दर्शकों का दिल जीता है। आइए, जानते हैं उनकी कुछ खास फिल्मों के बारे में, जहां उन्होंने रोमांटिक किरदार निभाकर सभी का दिल जीत लिया।


**स्पर्श** : 1980 में आई सई परांजपे के निर्देशन में बनी फिल्म 'स्पर्श' में नसीरुद्दीन शाह ने अनिरुद्ध परमार का किरदार निभाया। यह एक ऐसी प्रेम कहानी है, जिसमें नसीर एक नेत्रहीन स्कूल प्रिंसिपल बने, जो कविता (शबाना आजमी) से प्यार कर बैठते हैं। दोनों के बीच स्पर्श के जरिए पनपने वाला प्यार दर्शकों को बहुत पसंद आया। इस फिल्म के लिए नसीर को राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार भी मिला।

**बाजार** : सागर सरहदी की फिल्म बाजार 1982 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में नसीरुद्दीन ने सलीम का किरदार निभाया। यह फिल्म सामाजिक मुद्दों के साथ-साथ प्यार की भावनाओं को भी दिखाती है। नसीर के किरदार और स्मिता पाटिल, फारुख शेख जैसे कलाकारों के साथ उनकी केमिस्ट्री ने इस फिल्म को यादगार बना दिया।

**इश्किया** : फिल्म इश्किया में नसीरुद्दीन ने खालूजान का किरदार निभाया है, जो एक चालाक लेकिन दिल से रोमांटिक ठग है। यह फिल्म साल 2010 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में कृष्णा (विद्या बालन) के साथ उनकी केमिस्ट्री और मजेदार संवाद दर्शकों को खूब पसंद आए। नसीरुद्दीन ने इस किरदार में कॉमेडी और रोमांस का शानदार तालमेल दिखाया।

**द डर्टी पिक्चर** : फिल्म 'द डर्टी पिक्चर' में नसीरुद्दीन ने सूर्यकांत का किरदार निभाया, जो एक मशहूर फिल्म स्टार है। रेशमा उर्फ सिल्क (विद्या बालन) के साथ उनके रोमांटिक और जटिल रिश्ते को नसीरुद्दीन ने बखूबी पेश किया। उनका यह किरदार प्रेम, महत्वाकांक्षा और विश्वासघात की भावनाओं को दर्शाता है। यह फिल्म 2011 में रिलीज हुई थी।

**मासूम** : शेखर कपूर की फिल्म 'मासूम' 1983 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में नसीरुद्दीन ने एक शादीशुदा व्यक्ति का किरदार निभाया, जिसकी जिंदगी में प्यार और जिम्मेदारियों का तालमेल दिखाया गया। उनके संजीदा और रोमांटिक अंदाज ने दर्शकों को भावुक कर दिया। इस फिल्म में शबाना आजमी और सुप्रिया पाठक के साथ उनकी जोड़ी को खूब सराहा गया।



## पूरब और पश्चिम, यादगार, शोर जैसी फिल्मों में किया था बतौर असिस्टेंट डायरेक्टर काम

# डॉन के प्रोड्यूसर के पास नहीं बची थी फूटी कौड़ी, चंद्र बरोट ने पूरी की शूटिंग

*नई दिल्ली। अमिताभ बच्चन की 1978 की कल्ट क्लासिक फिल्म डॉन के निर्देशक चंद्र बारोट का रविवार, 20 जुलाई को 86 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उनके निधन से फिल्म इंडस्ट्री में शोक की लहर दौड़ गई है। डायरेक्टर चंद्र बारोट का जन्म तंजानिया में हुआ था और वो वहीं बड़े हुए थे। वहां बैंक में काम करने के बाद, उन्होंने भारत आने का फैसला किया. यहां मनोज कुमार के मार्गदर्शन में उन्होंने फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखा था। चंद्र ने न केवल भारतीय सिनेमा को कल्ट क्लासिक डॉन दी, बल्कि पूरब और पश्चिम, यादगार, शोर और रोटी कपड़ा और मकान जैसी फिल्मों में बतौर असिस्टेंट डायरेक्टर काम किया था। अमिताभ बच्चन और जीनत अमान अभिनीत फिल्म 'डॉन (1978)' भारतीय सिनेमा की सबसे कामयाब फिल्मों में से है। इस फिल्म का निर्देशन चंद्र बरोट ने किया था। यह फिल्म इतनी कामयाब रही थी कि इसी के नाम पर दो और फिल्में बनीं हैं। आइए जानते हैं इस फिल्म से जुड़े कुछ किस्से।*

### नरीमन ईरानी की मदद करने के लिए बनाई गई डॉन

डॉन'फिल्म को बनाने का काम तब शुरू हुआ जब अभिनेता-निर्माता नरीमन ईरानी की फिल्म 'जिंदगी जिंदगी' (1972) असफल हो गई। इसकी नकामी के बाद ईरानी कंगाल हो गए। नरीमन ईरानी की मदद करने के लिए निर्देशक चंद्र बरोट ने उनकी इस फिल्म में अपना हाथ लगाया। फिल्म में अमिताभ बच्चन को कास्ट किया गया। इसकी पटकथा के लिए सलीम-जावेद से हाथ मिलाया गया है। इसके बाद यह फिल्म बनाई गई।

### अमिताभ ने फीस नहीं लेने का किया वादा

बताया जाता है कि नरीमन ईरानी उन दिनों 12 लाख रुपए के कर्ज में थे। उस वक्त यह बड़ी रकम थी। ऐसे में कर्ज से उबरने के लिए अमिताभ बच्चन, जीनत अमान और चंद्र बरोट ने उन्हें एक और फिल्म बनाने की सलाह दी। उस वक्त नरीमन ईरानी से अमिताभ बच्चन ने कहा था कि अगर उनकी फिल्म हिट होती है, तो वह अपनी फीस लेंगे वरना वह फिल्म में काम करने का काई पैसा नहीं लेंगे। ऐसे में ईरानी फिल्म बनाने को राजी हो गए। फिल्म के निर्देशन की जिम्मेदारी चंद्र बरोट ने संभाली।



**अमिताभ और बरोट को पसंद आई कहानी** : नरीमन ईरानी जब कहानी लेकर आए तो चंद्र बरोट ने इस पर काम करना शुरू किया। यह कहानी अमिताभ और चंद्र बरोट दोनों को पसंद आई। इस कहानी को पहले से ही लोग 'डॉन' कहानी के नाम से बुलाते थे। चंद्र बरोट को भी यह नाम पसंद आया। ऐसे में ईरानी ने डॉन के नाम से इस कहानी को रजिस्टर करा दिया।

### मुफ्त में मिली डॉन की कहानी

नरीमन ईरानी जब फिल्म बनाने को तैयार हुए तो उनके पास कोई कहानी नहीं थी। ऐसे में अमिताभ ने ईरानी को सलाह दी कि वह कहानी के लिए सलीम-जावेद से संपर्क करें। ईरानी ने ऐसा ही किया। सलीम-जावेद ने ईरानी को बहुत महंगी कहानी सुनाई। इसके बाद वहीदा रहमान की सिफारिश पर सलीम-जावेद ने ईरानी को एक फिल्म की कहानी दी। उन्होंने कहा कि अगर फिल्म हिट हुई तो पैसे देना, वर्ना पैसे मत देना। यह कहानी कोई और नहीं, बल्कि फिल्म डॉन की कहानी थी।

### हिट हुई फिल्म डॉन

पहले तो फिल्म को अच्छा रिस्पांस नहीं मिला, हालांकि कुछ दिनों के बाद फिल्म पर लोगों ने अपना प्यार लुटाना शुरू किया। बताया जाता है कि यह फिल्म 70 लाख में बनी थी और इसने बॉक्स ऑफिस पर 7.20 करोड़ रुपए का कारोबार किया। फिल्म के 5 गाने हिट रहे। इसे तीन फिल्मफेयर अवॉर्ड मिले।

### तबेले में हुई फिल्म की शूटिंग

फिल्म की शूटिंग शुरू हुई। चूंकि, नरीमन ईरानी के पास पैसे नहीं थे। ऐसे में चंद्र बरोट ने महंगे सेटों पर शूटिंग न करके फिल्म की मुंबई की गलियों में शूटिंग की। एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि फिल्म का गाना 'खईके पान बनारस वाला' की शूटिंग तबेले में हुई थी।

**फिल्म रिलीज से पहले हुआ बड़ा हादसा** : हैरानी की बात यह है कि फिल्म के पूरा होने से पहले ही इसके निर्माता नरीमन ईरानी का निधन हो गया। नरीमन ईरानी राजकमल स्टूडियो में थे, तभी बादल फटने से दीवार गिरी और उनका निधन हो गया। हालांकि, चंद्र बरोट ने फिल्म का काम नहीं रोका। तीन साल के बाद उन्होंने इस फिल्म को बिना प्रचार के रिलीज किया।

## खबर संक्षेप

### 20 अगस्त तक मतदान केंद्रों का युक्तियुक्तकरण

**सारंगढ़।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ यशवंत कुमार के निर्देश पर सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के 1200 से अधिक मतदाता संख्या वाले मतदान केंद्रों का 20 अगस्त तक युक्तियुक्तकरण होगा। इसके अंतर्गत सारंगढ़ विधानसभा 17 में 27 मतदान केंद्र और बिलाईगढ़ विधानसभा 43 में 48 मतदान केंद्र है।

### कृषक रत्न पुरस्कार के लिए आवेदन 31 तक

**जांजगीर-चांपा।** संचालनालय कृषि रायपुर द्वारा वर्ष 2025 के लिए डॉ. खूबचंद बघेल, कृषक रत्न पुरस्कार के लिए कृषकों से 31 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित किए गए है। उप संचालक कृषि ने बताया कि आवेदन पत्र उप संचालक कृषि व वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय से निःशुल्क प्राप्त कर सकते हैं। निर्धारित प्रपत्र में पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र को उप संचालक कृषि व वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी कार्यालय में जमा कर सकते है।

### तलवार लहराकर डराने वाला आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** जिले के बलौदा थाना क्षेत्र में लोहे का धारदार तलवार लेकर लोगों को डराने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी बलवंत भार्गव पहले भी मारपीट के मामले में जेल भेजा गया था। पुलिस के मुताबिक, बुडगहन बस स्टैंड के पास एक व्यक्ति लोहे का धारदार तलवार लेकर आने जाने वाले एवं आसपास रहने वाले लोगों को डरा धमका रहा हैं । इस दौरान सूचना मिलने पर बलौदा पुलिस तत्काल बताये स्थान पर जाकर घेराबंदी किया जहां बलवंत भार्गव अपने हाथ में लोहे का धारदार तलवार रखा मिला। पुलिस ने आरोपी को पकड़कर उसके कब्जे से एक लोहे का धारदार तलवार जप्त किया। आरोपी के विरूद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

### युवक पर फावड़े से हमला करने वाला पकड़ा गया

**चांपा ।** शराब पीने के लिए रुपए की मांग कर फावडे से हमला करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला चांपा थाना अंतर्गत ग्राम हथनेवरा का है। अमृत लाल पटेल नशा प्रवृत्ति का है, जो आये दिन शराब पीने के लिए पैसे की मांग कर वाद विवाद करते हुए अश्लील गाली गलौच करते है। इसी दौरान 29 जुलाई को दोपहर 3 बजे आरोपी द्वारा फावड़ा को लेकर प्रार्थी नरेश कुमार पटेल निवासी हथनेवरा के पास आया और शराब पीने के लिए पैसा की मांग करने लगा और रुपए नहीं मिलने पर तैश में आकर अपने हाथ में रखे लोहे के फावड़ा से हमला कर दिया। जिसकी सूचना रिपोर्ट पर आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। थाना चांपा पुलिस द्वारा प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए घटना की सूचना तत्काल जिले के पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप, चांपा यदुमणि सिदार को दी गई जिस पर अधिकारियों द्वारा तत्काल आरोपी को पकड़कर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए जिस पर तत्काल थाना प्रभारी चांपा जयप्रकाश गुप्ता के नेतृत्व में टीम मौके की ओर रवाना किया गया। टीम के द्वारा मौके पर आरोपी अमृतलाल पटेल को पकड़ा।

### तस्करों के वाहनों की नीलामी से भरा पुलिस का खजाना

**जांजगीर-चांपा।** जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र में पुलिस द्वारा जप्त करने के बाद राजसात किए गए 17 वाहनों की निलामी पुलिस लाइन जांजगीर में की गई। सभी वाहन आबकारी, नारकोटिक्स एक्ट और पशु तस्करी के मामलों में तस्करों से जप्त किए गए थे। वाहनों को अलग अलग लोगों द्वारा 12 लाख 74 हजार 700 रुपए में बोली लगाकर खरीदी गई। जिला पुलिस द्वारा आबकारी एक्ट, नारकोटिक्स एक्ट एवं पशु तस्करी के मामले में वाहनों को जप्त किया गया था। तस्करों से जब्त किए गए 17 वाहनों को न्यायालय द्वारा राजसात किए जाने से वाहनों की नीलामी के लिए पूर्व में निविदा जारी किया गया था।

---

### नगर निगम अकेले 50 करोड़ का देनदार, निजी उपभोक्ताओं पर कार्रवाई

# सरकारी संस्थानों की बिजली चोरी 114 करोड़ से अधिक का बकाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायगढ़

जिले में बिजली बिल की वसूली को लेकर बिजली विभाग निजी उपभोक्ताओं पर सख्ती से अभियान चला रहा है, लेकिन यही सख्ती सरकारी संस्थानों पर दिखाई नहीं देती। जिले में करीब 200 करोड़ रुपए का बिजली बिल बकाया है, जिसमें से 114 करोड़ रुपए केवल सरकारी कार्यालयों और संस्थानों पर बकाया हैं।

इस सूची में सबसे ज्यादा देनदारी नगर निगम रायगढ़ की है, जिस पर करीब 50 करोड़ रुपए का बिजली बिल बकाया है। वाटर सप्लाई पंप, स्ट्रीट लाइट, कार्यालय भवन सहित सभी यूनिटों का भुगतान लंबे समय से नहीं हुआ है। इसके अलावा भी जिले के लगभग सभी प्रमुख सरकारी कार्यालयों ने बिजली बिल चुकाना बंद कर दिया है। बकाया सूची में बैडमिंटन कोर्ट स्टेडियम पर 28 लाख रुपए बकाया है। इसी तरह जिला अस्पताल में विभिन्न मीटरों के तहत करीब 40 लाख से अधिक का बिल भुगतान नहीं हुआ है। सृजन सभाकक्ष, उर्दना पुलिस लाइन, अटल विहार कॉलोनी, कोतरा रोड, तहसील कार्यालय, बीईओ कार्यालय, केलो परियोजना, कृषि उप संचालक, आजा कल्याण छात्रावास जैसे संस्थानों पर लाखों रुपए का भुगतान लंबित है।




#### निजी उपभोक्ताओं पर ढाते हैं सितम

ऐसी स्थिति तब है जब विभाग निजी उपभोक्ताओं के मामूली बिल बकाया पर कनेक्शन काट देता है या दंडात्मक कार्रवाई करता है। पूरा अमला वसूली में लग जाता है, लेकिन जिन सरकारी भवनों में लाखों का बिल बकाया है, वहां कोई नोटिस, कोई कार्रवाई नहीं की जाती। अब बड़ा सवाल यह है कि आखिर सरकारी संस्थानों से वसूली को लेकर विद्युत विभाग क्यों उदासीन है। क्या आम जनता के लिए बनाए गए नियम सरकारी कार्यालयों पर लागू नहीं होते। जब तक विभाग इन संस्थानों पर भी समान सख्ती नहीं बरतेगा, तब तक घाटा बढ़ता ही जाएगा।

#### बिल समय पर बन रहा, पर भुगतान में लापरवाही

छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड की ओर से नियमित रूप से बिल जेनरेट किया जा रहा है। लेकिन सरकारी संस्थाएं न भुगतान कर रही हैं, न ही विभाग इन पर कोई ठोस कार्रवाई कर पा रहा है। यही वजह है कि कंपनी को राजस्व के रूप में बड़ा घाटा उठाना पड़ रहा है। हालांकि इसमें जिम्मेदार बिजली विभाग को माना जा सकता है, क्योंकि विभाग कभी भी सरकारी महकमों पर कार्रवाई नहीं करता। जिसके चलते सरकारी संस्थान लापरवाह हैं।

---



उपस्थित अतिथि एवं शतरंज खेलते खिलाड़ी।

## अनुशासन व खेल भावना से खेलें खिलाड़ी : थवाईत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चांपा

■ लायंस स्कूल में जिला स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता आयोजित

जिला स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन लायंस इंग्लिश मीडियम स्कूल में किया गया। शतरंज प्रतियोगिता में जिले के नवागढ़, बम्हनीडीह, अकलतरा, बलौदा एवं पामगढ़ ब्लॉक से लगभग 95 छात्र-छात्राएं शामिल हुए।

लायंस इंग्लिश स्कूल चांपा में 18 जुलाई को जिला स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता 2025-26 के अंतर्गत 14, 17 एवं 19 आयु वर्ग के बालक-बालिका शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में जांजगीर जिले के नवागढ़, बम्हनीडीह, अकलतरा, बलौदा एवं पामगढ़ ब्लॉक से लगभग 95 छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती रत्ना थवाईत बीईओ बम्हनीडीह थीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में लायन्स स्कूल के चेयरमैन लायन रामप्रपन्न देवांगन, लायन संतोष सोनी अध्यक्ष, लायन्स क्लब चांपा, लायन डॉ. के. पी. राठौर, लायन राजेश अग्रवाल, लायन सी.ए. सुरेश अग्रवाल एवं लायन वाई. के. शर्मा उपस्थित थे। मुख्य अतिथि श्रीमती रत्ना थवाईत ने अपने संबोधन में बच्चों को खेल भावना से खेलने, अनुशासन और समर्पण के साथ जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में प्रभारी शिक्षकों के रूप में श्री विष्णु यादव, गजेंद्र चौहान, अशोक राठौड़, अशोक श्याम, ओपी पाण्डेय, गिरिजा शंकर धीवर, शेखर साहू एवं गौरव कटकवार उपस्थित थे। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपने खेल कौशल का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। आयोजन शांतिपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

---

## 13 दिन बीत गए जनपद में नहीं आए सीईओ गोस्वामी

**पुसौर।** पुसौर में सीईओ रहे अभिशेक बनर्जी के स्थानांतरण होने के बाद यह कार्यालय पिछले 13 दिन से बगैर सीईओ के संचालन हो रहा है। जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में असिस्टेस्ट सीईओ कुलमित्र के द्वारा कार्यालय तो लग रहा है, लेकिन सरपंचों के रूके काम आगे नहीं बढ़ रहे हैं। वहीं स्टाफ भी बगैर एचओडी के अनुशासन में नहीं रहने की जानकारी सामने आ रही है। पुसौर जनपद के ट्रांसफर पोस्टिंग के इतिहास को देखा जाये तो इतना लंबा समय तक कभी भी सीईओ का कुर्सी खाली नहीं मिला था वह भी पोस्टिंग होने के बाद, जबकि अभिषेक बनर्जी ने अपना पदभार ग्रहण कर लिया है और उनके स्थान पर पुसौर में गोस्वामी ने आज 13 दिन हो गए पदभार नहीं लिया है। जनपद से जुड़े लोगों का मानना है कि अब हो सकता है आर्डर सुधरेगा और गोस्वामी के स्थान पर कोई अन्य सीईओ यह पदभार ग्रहण करेंगे।



## महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार



**चंद्रपुर।** चन्द्रपुर पुलिस ने 7 लीटर महुआ शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। वहीं उसके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया गया है। सोमवार को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिला कि एक व्यक्ति ग्राम पेंडरूवा के मुक्ता रोड में अपने घर के सामने अवैध कच्ची महुआ शराब रखकर बिक्री करने के लिए रखा है। सूचनाप पर पुलिस की टीम ने रेड कार्रवाई कर आरोपी राम लाल सारथी पिता कसरत सारथी 27 वर्ष निवासी पेंडरूवा थाना चन्द्रपुर जिला सक्ति को धर दबोचा। वहीं उसके पास से 7 लीटर कच्ची महुआ शराब को जब्त कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

---

## बसंतपुर -घोघरी मुख्य मार्ग पोखर में तब्दील, हादसे के शिकार हो रहे लोग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिर्रा

बसंतपुर - किकिरदा और करही से घोघरी तक मुख्य मार्ग पोखर में तब्दील हो गया है। मार्ग में जगह-जगह बड़े-बड़े जानलेवा गड्ढा बन गया है। लोक निर्माण विभाग उप संभाग चांपा, संभाग बिलासपुर के अधिकारी कर्मचारी मुख्य मार्ग की मरम्मत को लेकर उदासीन हैं, जिसके कारण आने जाने वाले वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

गौरतलब है कि जैजैपुर विधानसभा के अंतर्गत ग्राम बसंतपुर, किकिरदा और करही से घोघरी मुख्य मार्ग पोखर में तब्दील हो गया है। इस मुख्य मार्ग में जगह-जगह बड़े-बड़े जानलेवा गड्ढा बन गया है। इस मुख्य मार्ग में रोजाना हजारों की तादाद में छोटे-छोटे और बड़े-बड़े भारी वाहन आते जाते हैं। बड़े-बड़े भारी वाहनों के आने जाने के कारण इस मुख्य मार्ग में बड़े-बड़े पोखर नुमा जगह-जगह जानलेवा गड्ढा हो गया है, जिसके कारण इस मार्ग में आने जाने वाले वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कई बार मोटरसाइकिल सवार इस मार्ग में बने बड़े-बड़े जानलेवा गड्ढे में गिरकर घायल हो जाते हैं।

### कराटे स्पर्धा में 50 से अधिक प्रतिभागियों ने लिया भाग

**बाराद्वार।** विकासखंड स्तरीय शालेय कराटे प्रतियोगिता 2025-26 का आयोजन 19 जुलाई को मंगल भवन बाराद्वार में संपन्न हुआ। प्रतियोगिता में सक्ती विकासखंड से 50 से अधिक प्रतिभागियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया । विभिन्न वेट कैटेगरी में प्रतिभागियों ने अपना अपना श्रेष्ठतम प्रदर्शन प्रस्तुत किया। प्रतिभागियों के बीच नगर पंचायत अध्यक्ष नारायण कुर्रे, नगर पंचायत उपाध्यक्ष जितेश शर्मा, वार्ड नंबर 10 पार्षद अजय राजपूत, वार्ड नंबर 12 पार्षद भोजराम खुंटे, ज्ञान शारदा हायर सेकेंडरी स्कूल बाराद्वार के संचालक लीलाधर साहू, झलरौंदा स्कूल के शिक्षक सावन गुजराल, पत्रकार ऋषि वैष्णो उपस्थित रहे। नगर पंचायत अध्यक्ष नारायण कुर्रे ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए आगामी प्रतियोगिता के लिए प्रोत्साहित किया और इस क्षेत्र में खिलाड़ियों को सतत मेहनत करने की बात कही और भविष्य में हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया।

## 50 लीटर महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार



**चन्द्रपुर।** चारपहिया वाहन में शराब तस्करी कर रहे एक आरोपी को पुलिस ने 50 लीटर महुआ शराब के साथ पकड़ा है। वहीं उसके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर उसे रिमांड पर भेज दिया गया है। सोमवार को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति सपोस से चन्द्रपुर की ओर से एक सील्वर कलर के ओमनी वाहन में कच्ची महुआ शराब रखकर परिवहन करते हुए चन्द्रपुर की ओर आ रहा है। सूचना पर पुलिस ने मुखबिर के बताए स्थान ग्राम हरदी मेन रोड तलाब के पास जाकर नाकाबंदी कर आरोपी नन्देव हिमधर पिता भजनदास हिमधर 25 वर्ष निवासी मेढापाली थाना डभरा जिला सक्ती को पकड़ लिया। पुलिस ने उसके पास से 50 लीटर महुआ शराब जप्त कर करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया है।

---

# छात्रों की समस्याओं के प्रति जिला प्रशासन गंभीर नहीं, कैसे बनेगा बच्चों का भविष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बिलाईगढ़

■ बिना शौचालय के पिछले 10 वर्षों से संचालित है डोकरीडीह का मीडिल स्कूल

केन्द्र व राज्य शासन द्वारा बच्चों के भविष्य को लेकर हर तरह तरह की योजनाएं संचालित की जा रही है तथा नित नए नीति के तहत बच्चों को किस स्तर में शिक्षा दी जाए इसके लिए प्र या स किया जा रहा है। शासन की इ स योजनाओं तथा बच्चों की भविष्य की चिंता जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के प्रशासनिक अधिकारियों को शायद नहीं है।

भटगांव के अंतर्गत आने वाले ग्राम डोकरीडीह के मीडिल स्कूल के बच्चों को विभिन्न समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। स्कूल में विगत 10 वर्षों से एक भी शौचालय नहीं है, जिसके कारण यहां पढ़ने वाले बच्चों को भारी असुविधा एवं परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्कूल में शौचालय की मांग को लेकर 11 मार्च 2024, 13 मार्च 2024 व 1 जुलाई 2024 को पालक और बच्चे कलेक्ट्रेट पहुंच कर कलेक्टर जन दर्शन में जिला कलेक्टर धर्मेश साहू से स्कूल मे शौचालय की मांग की थी। बच्चों की समस्या को देखते हुए कलेक्टर ने जल्द से जल्द स्कूल में बालक और बालिकाओं के लिए शौचालय बनवाने का आश्वासन दिया था। कार्य प्रारंभ नही होने पर पुनः 19 जुलाई 2024 को फिर जिला कलेक्टर को आवेदन दिया गया, लेकिन पूरा शैक्षणिक सत्र बीत जाने के बाद भी आज तक कोई कार्यवाही नही हुई है। साथ ही पालकगण भी सारंगढ़ कलेक्टर से मिलकर स्कूल में जल्द शौचालय निर्माण कराने की मांग किए थे। पिछले 18 महीनों में चार बार पालकों द्वारा कलेक्ट्रेट जाकर आवेदन दिया गया है, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। इससे प्रतीत होता है कि सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला कलेक्टर स्कूल शिक्षा विभाग, और स्कूली बच्चों के समस्याओ के प्रति कितना गंभीर है। ग्राम डोकरीडीह में 2006 से मीडिल स्कूल संचालित है। पूर्व में आरईएस से शौचालय बनवाया गया था जो 2 वर्ष में ही जर्जर होकर टूट गया। पिछले 10-12 वर्षों से बिना शौचालय के स्कूल संचालित होते आ रहा है।






मैं जिला शिक्षा अधिकारी से दिखवाता हूं। और उसकी जानकारी लेता हूं।
**संजय कन्नौजे**
**कलेक्टर सारंगढ़ बिलाईगढ**

शाला भवन भी अत्यंत जर्जर हो गया है। कक्षा के छत का प्लास्टर गिर रहा है। बारिश होते ही छत से पानी टपकने लगता है जिससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होती है। अहाता भी जर्जर है। असामाजिक तत्वों द्वारा शाला, किचन गार्डन एवं पेड़ पौधों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। बच्चे शौच के लिए अपने अपने घर या नाला जाने को मजबूर हैं। ऐसे मे नए स्कूल सत्र के शुरूआत में शाला प्रवेश उत्सव इस समस्या में कैसे मनाए। इस संबंध में ग्राम पंचायत डोकरीडीह के सरपंच कुंती साहू और सचिव रेखा जांगड़े से संपर्क कर उनसे जानकारी लेना चाहा गया, लेकिन उनके द्वारा फोन नहीं उठाया गया जो समझ से परे है।

हम जिला में प्रस्ताव भेज चुके हैं और जिला से कोई कार्रवाई नही कर रहे हैं। स्कूल मरम्मत के लिए ब्लाक स्तर से मांग के अधार पर आवेदन प्रस्तुत किया गया है अब तक कोई कार्रवाई नही हो पाया है। जिला शिक्षा अधिकारी के आदेश पर होना है।
**फणेन्द्र सिंह नेताम**
**बीआरसीसी बिलाईगढ़**

कलेक्टर कार्यालय से अभी तक मेरे पास कोई लेटर नहीं आया है। बिलाईगढ़ ब्लाक मे जितने भी स्कूल हैं, जहां शौचालय की कमी, स्कूल भवन जर्जर और अतिरिक्त भवन के लिए प्रस्ताव भेज चुके है। अभी तक जिले से कोई जवाब नही आया है। कलेक्टर सहाब को भी बोले हैं वो चाहे तो किसी भी फंड से एक लाख शौचालय के लिए दे सकते हैं।
**एसएन साहू**
**विकास खंड शिक्षा अधिकारी बिलाईगढ़**

नए शौचालय और बिल्डिंग मरम्मत के लिए प्रस्ताव बनाया गया है। टेंडर के लिए आरईएस से बात चल रही है। पानी गिरते रहेगा फिर भी एक सप्ताह में काम चालू हो जाएगा।
**नरेश चौहान**
**जिला मिशन समन्वयक सारंगढ़**

प्रस्ताव मंगा कर जांच करूंगा और जांच करके आवश्यक कार्रवाई करेंगे।
**जेआर डहरिया**
**जिला शिक्षा अधिकारी सारंगढ़**

---

### खाद की आपूर्ति न होने पर आंदोलन की दी चेतावनी

# खाद की मांग को लेकर किसानों ने सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सरिया

जागरूक किसान संघ सरिया ने सोमवार को किसानों के हित में रासायनिक खाद की मांग करते हुए तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा है। किसानों ने मांग किया है कि खाद की आपूर्ति नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

नगर के किसान संघ के संरक्षक मोहन पटेल के नेतृत्व में किसानों ने यूरिया एवं डीएपी खाद सोसाइटी में नहीं मिलने की शिकायत की है। तथा कहा कि रासायनिक खाद नहीं मिलने से कृषि कार्य में बाधा उत्पन्न हो रही है एवं किसानों को मजबूरन व्यापारियों से ऊंचे दामों में खरीदना पड़ रहा है। खुले बाजार में अत्यधिक रेट में रासायनिक खाद खरीदने पर किसान मजबूर हैं। यदि यही स्थिति रही तो किसान कर्ज में डूब जाएंगे। इस संबंध में तहसीलदार सरिया कोमल साहू को ज्ञापन देते हुए खाद आपूर्ति की मांग की है। यदि समय पर खाद आपूर्ति नहीं हुई तो जन आंदोलन करने की चेतावनी दी है। ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप जागरूक किसान संघ के संरक्षक मोहन पटेल, किसान संघ के अध्यक्ष सत्यानंद प्रधान, आसाराम प्रधान, विसीकेशन प्रधान, चूड़ामणि, नेपाल पटेल, सुरेंद्र साहू, जयप्रकाश डनसेना, गुणमणी साहू, भीष्म देव यादव, श्रीनिवास प्रधान, झषकेतन साव व हेमचंद यादव उपस्थित थे।



### आईटीआई कोर्स के लिए आवेदन की तिथि कल

**सारंगढ़।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओ आईटीआई में प्रवेश सत्र 2025-26 एवं 2025-27 के लिए संस्था में संचालित कोपा, फीटर, वेल्डर, इलेक्ट्रीशियन आदि व्यवसायों में रिक्त स्थानो हेतु ऑनलाईन प्रवेश के लिए तीसरी बार आवेदन प्रकिया पुनः पोर्टल खोला गया है। इच्छुक अभ्यर्थी वेबसाइट सीजीआईटीआई डॉट एडमिशन डॉट एनआईसी डॉट इन पर जाकर 23 जुलाई की रात 11.59 बजे तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। अभ्यर्थी पोर्टल पर जाकर या नजदीकी च्वाईस सेंटर, कम्प्यूटर सेंटर के माध्यम से ऑनलाइन पंजीयन कर सकते हैं। पूर्व के आवेदक जो अगली चरण में शामिल होना चाहते हैं उन्हे अपने लॉगिन आईडी एवं पासवर्ड से लॉगिन कर अपनी प्रोफाइल संस्था और व्यवसाय के प्राथमिकता क्रम का चयन पुनः किया जाना अनिवार्य होगा।

